
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 11 अप्रैल

1. **राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस–** स्व0 कस्तुरबा गांधी की जयंती 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल तथा प्रसव संबंधी जागरूकता फैलाना है। आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है।

2. **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना–** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि के भाग 13 के अनुसार 11 अप्रैल, 1919 ई. को जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में हुई थी। इसका कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को उसके विशिष्ट कार्यों के लिए 1969 में संगठन की 50वीं वर्षगांठ पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

3. **ज्योतिबा फुले का जन्म–** ज्योतिराव गोविन्द फुले का जन्म महाराष्ट्र के पुणे जिले में 11 अप्रैल, 1827 ई. को हुआ था। उन्हें 'ज्योतिबा फुले' तथा 'महात्मा फुले' जैसी उपाधियों से विभूषित किया गया। श्री फुले ने निम्न जाति कल्याण', 'स्त्री शिक्षा' तथा 'विधवा विवाह' को प्रोत्साहित करने हेतु 1848 ई. में एक 'महिला विद्यालय' की स्थापना की, जो देश का प्रथम महिला विद्यालय था। उन्होंने 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना बम्बई में किया। इनकी प्रमुख रचना 'गुलामगिरी' है।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3 अध्याय 8** पृष्ठ 118 के संदर्भ में बच्चों को बतायें।

4. **विष्णु प्रभाकर का निधन–** हिन्दी लेखक एवं साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी का निधन 96 वर्ष की उम्र में 11 अप्रैल, 2009 को नई दिल्ली में हुआ। वे पद्म भूषण तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित थे।
   - **संदर्भः** हिन्दी की पाठ्य पुंस्तक **किसलय भाग 7, अध्याय–ऐसे–ऐसे (एकांकी)** के संदर्भ में चर्चा करें।

5. **जामिनी राय का जन्म–** भारत के प्रसिद्ध चित्रकार जामिनी राय का जन्म 11 अप्रैल, 1887 ई. को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में हुआ था। उनके द्वार बनायी गयी प्रमुख चित्रों में गोपीनी, कृष्ण और बलराम, साड़ी में बैठी महिला, भारत, गोपी के साथ कृष्ण नाव में, बाघ पर रानी, माँ और बालक, योद्ध राजा आदि प्रमुख हैं। इनके चित्रकारी से प्रसन्न होकर अंग्रेजों ने 'वायसराय का स्वर्ण पदक' (1935) और भारत सरकार ने 'पद्म भूषण' (1955) पुरस्कार से सम्मानित किया था।

Thursday

### मधु प्रिया



## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस 11 अप्रैल



भारत में प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। 2003 में, 1800 संगठनों के गठबंधन व्हाइट रिबन एलायंस इंडिया के अनुरोध पर, भारत सरकार ने 11 अप्रैल राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में घोषित किया था| इसी दिन कस्तूरबा गाँधी की जयंती होती है| इस दिन के पीछे, WRAI यह सुनिश्चित करना चाहता था कि गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर सेवाओं के दौरान महिलाओं को उपलब्धता और देखभाल के लिए पर्याप्त पहुंच होनी चाहिए| सुरक्षित मातृत्व का मतलब सभी महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान सुरक्षित और स्वस्थ होने के लिए आवश्यक देखभाल प्राप्त करना सुनिश्चित करना है| राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस जैसे वार्षिक अभियानों का लक्ष्य यही जागरूकता बढ़ाना है कि हर महिला को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जीने और जीवित रहने का अधिकार है| "कभी-कभी मातृत्व की ताकत प्राकृतिक के नियमों से भी अधिक होती है" भारत में पिछले कुछ वर्षों में गर्भावस्था और प्रसव के कारण होने वाली मौतों की संख्या बहुत अधिक रही है लेकिन हाल के रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत के एमएमआर (मातृ मृत्यु दर) में गिरावट आई है| लेकिन एक बार फिर कोविड-19 महामारी के दौरान मातृ मृत्यु में वृद्धि देखी गई है| भारत में महामारी के दौरान चारों प्रसवपूर्व जांच कराने वाली महिलाओं की संख्या में और संस्थागत प्रसवों की संख्या में बहुत गिरावट आई है| इस संकट ने हमें दिखाया है कि हमें आवश्यक सेवाओं को प्रभावित किए बिना आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना चाहिए| राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का दिन गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसवोत्तर सेवाओं के दौरान देखभाल के लिए पर्याप्त पहुंच के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है| यह पूरी दुनिया के लोगों के लिए संदेश है कि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान, निर्माण संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मां के इस रूप को और अधिक प्यार और सुरक्षा देने की  ताकि कोई भी महिला कभी भी मातृ सुख से वंचित न रह जाए|

# जयंती विशेष 11 अप्रैल

राकेश कुमार




**ज्योतिराव गोविंदराव फुले** *Jyotirao Govindrao Phule* प्रसिद्ध नाम: 'ज्योतिबा फुले', जन्म: 11 अप्रॅल, 1827 ई. - मृत्यु: 28 नवम्बर, 1890 ई.) महाराष्ट्र में सर्वप्रथम अछूतोद्धार और महिला शिक्षा का काम आरंभ करने वाले महान् भारतीय विचारक, समाज सेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.04.2024

## शिक्षा संस्कार

शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा, तभी वह परिवार, समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हाल ही में आई एक **रिपोर्ट** के अनुसार आने वाले **500 सालों** में **जापान** के हर एक व्यक्ति का एक ही **सरनेम** होगा। जापान में सभी **व्यक्तियों** का सरनेम **Sato** होगा।

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## एशियाई खेलों के मेजबान देश

| संस्करण | साल | मेजबान देश | मेजबान शहर | संस्करण | साल | मेजबान देश | मेजबान शहर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1951 | भारत | नई दिल्ली | 12 | 1994 | जापान | हिरोशिमा |
| 2 | 1954 | फिलीपींस | मनीला | 13 | 1998 | थाईलैंड | बैंकॉक |
| 3 | 1958 | जापान | टोक्यो | 14 | 2002 | साउथ कोरिया | बुसान |
| 4 | 1962 | इंडोनेशिया | जकार्ता | 15 | 2006 | क़तर | दोहा |
| 5 | 1966 | थाईलैंड | बैंकॉक | 16 | 2010 | चीन | ग्वांगझू |
| 6 | 1970 | थाईलैंड | बैंकॉक | 17 | 2014 | साउथ कोरिया | इंचियोन |
| 7 | 1974 | ईरान | तेहरान | 18 | 2018 | इंडोनेशिया | जकार्ता-पालेमबैंग |
| 8 | 1978 | थाईलैंड | बैंकॉक | 19 | 2023 | चीन | हांगझोऊ |
| 9 | 1982 | भारत | नई दिल्ली | 20* | 2026 | जापान | ऐची-नागोया |
| 10 | 1986 | साउथ कोरिया | सियोल | 21* | 2030 | क़तर | दोहा |
| 11 | 1990 | चीन | बीजिंग | 22* | 2034 | सउदी अरब | रियाद |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

11 अप्रैल

मां



मां बच्चों की जान होती है।
वो होते हैं किस्मत वाले जिनकी मां होती है।

## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

मधु प्रिया

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS




भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महिला शिक्षा के जनक, महान समाज सुधारक

# जोतिराव गोविंदराव फुले

जी जयंती पर सादर नमन।

जन्म-11 अप्रैल 1827 - मृत्यु- 28 नवम्बर 1890

मधु प्रिया


11 April
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Eid
MUBARAK
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Eid Mubarak
मधु प्रिया
/teachersofbihar


हिन्दी के प्रथम आंचलिक उपन्यासकार
फणीश्वरनाथ रेणु जी
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म-4 मार्च 1921 - मृत्यु-11 अप्रैल 1977
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

**जयंती विशेष**

**11 अप्रैल 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा स्त्री और पुरुष की प्राथमिक आवश्यकता है ।

**ज्योतिबा फुले**

**( समाज सुधारक )**

जन्म: 11 अप्रैल 1827 मृत्यु: 28 नवंबर 1890



राकेश कुमार